प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में हुए विस्फोट पर जताया दुख : कहा– विस्फोट के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।
2. लाल किले पर हुए बम धमाके में प्रदेश के 5 लोगों की मौत : सुरक्षा के मद्देनज़र राज्य में हाई अलर्ट जारी।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में 1 हजार 734 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– जल्द होगा बाराबंकी में औद्योगिक क्षेत्र और हैदरगढ़ मे इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का निर्माण। और
4. बौद्ध धर्म के प्रमुख धर्म गुरु अग्ग महापण्डित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर महास्थवीर का कुशीनगर में विधि विधान के साथ हुआ अंतिम संस्कार : श्रीलंका, थाईलैंड, जापान समेत कई देशों के बौद्ध भिक्षु अंतिम यात्रा में हुए शामिल।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट मामले में कहा है कि इस भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री

मोदी ने कहा कि कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है।

*दिल्ली में हुई भयाव्य घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुःख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ, संपर्क में था। विचार—विमर्श चलता था जानकारी के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएगी इसके पीछे के षड्यंत्रकार्यों को बख्सा नहीं जाएगा।*

गृह मंत्री अमित शाह ने कार विस्फोट के बाद स्थिति का आकलन करने क लिए आज अपने निवास पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण—एनआईए के महानिदेशक उपस्थित थे।

——————————

राजधानी दिल्ली में कल शाम हुए धमाके के बाद पूर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। धार्मिक स्थलों, रलवे स्टेशन और बस स्टेशन सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम मंदिर, मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर, मिर्जापुर के विन्ध्यवासिनी मंदिर और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*विस्फोट कल शाम छः बजकर पचपन मिनट पर दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नम्बर एक के पास एक कार में हुआ, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी, जिसमें प्रदेश के 5 लोग शामिल हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। हादसे में दो अमरोहा, एक मेरठ, एक श्रावस्ती, और एक शामली के युवक की मौत हुई है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सभी जिलों में सघन चेकिंग के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने अधिकारियों को फील्ड में रहने और संवेदनशील, भीड–भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों और धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने को कहा है। इस दौरान प्रदेश की सीमाओं खासकर नेपाल सीमा से जुड़े ज़िलों में मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुशील तिवारी।*

———————

**मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी में 1 हजार 734 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का दिग्दर्शन कराने वाला वर्ष ह, जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसानों को ध्यान में रखते हुए सरकार जल्द ही रामसनेही घाट के पास 232 एकड़ क्षेत्रफल में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेगी। साथ ही हैदरगढ़ में 220 हेक्टेयर में इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का निर्माण भी कराएगी। बाइट.....**

*यहां का औद्योगिक विकास शो इसीलिए हम लोगों ने राम सनेही घाट के पास ग्राम कंदही में यहां पर 232 एकड़ क्षेत्रफल में एक औद्योगिक क्षेत्र के विकास का कार्य हम लोग करने जा रहे हैं। बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया यहां पर हम लोग करने जा रहे हैं। इसके साथ ही तहसील हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निकट 220 हेक्टेयर में हम लोग एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विकास का कार्य वहां पर और तेजी के साथ आगे बढ़ाने जा रहे हैं।*

**इससे पहले मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन धाम में मांपाटेश्वरी का दर्शन–पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।**

———————

**प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के हित में बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू करने की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत नेवरपेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत बकाया धनराशि को एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत और मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का निर्णय लिया गया है।**

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

समग्र देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। एक रिपोर्ट......

*15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्रता के लिए जागा, तो प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने संसद में आधी रात को वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाया। सरदार वल्लभभाई पटेल के कहने पर, उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति नव स्वतंत्र भारत की पहली संगीतमय धड़कन बनी। प्रस्तुति को रिकॉर्ड किया गया और अगली सुबह 6.30 बजे आकाशवाणी से प्रसारित किया गया। वर्षों से, वंदे मातरम एक शाश्वत गीत के रूप में विकसित हुआ जो मातृभूमि के प्रति एकता, गौरव और प्रेम की प्रेरणा देता रहता है। शिवांग और सौम्या की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।*

——————————

नये जीएसटी सुधार के बाद विभिन्न वर्गों के लिए रोज़मर्रा की वस्तुएं सस्ती हो गई हैं। आज आपको जानकारी दे रहे हैं नई जीएसटी दरों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में हुए परिवर्तन के बारे में। एक रिपोर्ट.....

*नए जीएसटी सुधार विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की लागत कम करके आम आदमी को बड़ी राहत प्रदान कर रहे हैं। संशोधित करढांचे के अंतर्गत एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और टेलिविजन पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर टैक्स 18 प्रतिशत कर दिया गया है । नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों, सौर पैनलों और कंपोजटिंग मशीनों पर भी कर 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। यह निर्णय लोगों को किफायती, स्वच्छ और सतत् ऊर्जा पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आदर्श के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान ने एक ऐसी मशीन तैयार की है जो प्रदूषित वायु को शुद्ध कर हवा को सांस लेने योग्य बनाएगी। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान ने मल्टिपल एटमॉस नाम की एक मशीन तैयार की है। यह मशीन प्रदूषित वायु को शुद्ध करती है और अशुद्धियों को ठोस रूप में एकत्रित करके अलग करती है। आईआईटीआर के निदेशक डॉक्टर भास्कर नारायण ने इस बारे में अधिक जानकारी साझा की।* **बाइट.....**

*जो आईएटीआर ने पेटेंट के लिए अभी एप्लीकेशन दाखिल किया है, वह है मल्टीपल एटमॉस। इस मशीन का एक यूनिक फीचर है कि जो हवा से मल्टीपल आपका पीएम 2.5 हो या पीएम 10 हो वायु प्रदूषण जो है उसको प्यूरीफाई करेगा। उसके साथ–साथ जो भी मेटल है, उसको खींच के सपरेट करके दे देगा। अगर सरकार ने इसको ले लिया एक पॉलिसी के तौर पर अगर हमने जगह–जगह पर लगा लिया उतने एरिया का थोड़ा प्यूरीफाई हो जाएगा।*

*इस मशीन को आईआईटीआर में कल से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित सम्मेलन में प्रदर्शित किया जाएगा। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

——————————

बौद्ध धर्म के दिवंगत प्रमुख धर्म गुरु अग्ग महापण्डित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर महास्थवीर का आज कुशीनगर में विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई देशों के बौद्ध भिक्षुओं के साथ ही भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। भदन्त ज्ञानेश्वर का 31 अक्टूबर को लखनऊ में निधन हो गया था। जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को कुशीनगर स्थित म्यांमार बौद्ध विहार में अंतिम दर्शन क लिए रखा गया था।

(समाप्त)